आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 14.04.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देहरादून से दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारे और टिहरी में एक हजार मेगावाट क्षमता वाले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का लोकार्पण करेंगे।
- प्रदेश सरकार ने संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर राज्य के सभी राजनीतिक दलों से महिला आरक्षण के मुद्दे पर सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में विभिन्न विकास योजनाओं के लिए एक सौ अठारह करोड़ की योजनाओं को मंजूरी दी।
- और प्रदेश में 'बैसाखी' का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री का दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देहरादून से दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारे और टिहरी में एक हजार मेगावाट क्षमता वाले देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का लोकार्पण करेंगे। दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारा प्रमुख पर्यटन और आर्थिक केंद्रों के बीच संपर्क बढ़ाकर तथा पूरे क्षेत्र में व्यापार और विकास के नए अवसर सृजित कर क्षेत्रीय आर्थिक प्रगति को सुदृढ़ करेगा। हरिद्वार में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज बैसाखी और डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उत्तराखंड की जनता को दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारा समर्पित किया जाएगा।

हमारी संवाददाता ने बताया कि यह परियोजना प्रधानमंत्री के उस विजन को दर्शाती है, जिसमें उच्च गति संपर्क को पर्यावरणीय स्थिरता और नागरिकों के बेहतर जीवन स्तर के साथ जोड़ा गया है।

प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर प्रदेश में उत्साह का माहौल है और राज्य सरकार ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रधानमंत्री आज दोपहर देहरादून में आयोजित एक समारोह में दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारे का उद्घाटन करेंगे। लगभग 213 किलोमीटर लंबा यह गलियारा 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। यह गलियारा दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से होकर गुजरता है, जिससे दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा समय वर्तमान छह घंटे से घटकर लगभग ढाई घंटे रह जाएगा।

परियोजना के अंतर्गत निर्बाध उच्च गति संपर्क सुनिश्चित करने के लिए 10 इंटरचेंज, तीन रेलवे ओवरब्रिज, चार प्रमुख पुल तथा सड़क किनारे 12 जन सुविधाओं का निर्माण किया गया है। इस गलियारे को मानव–वन्यजीव संघर्ष को कम करने के उद्देश्य से विशेष रूप से डिजाइन किया गया है, जिसमें लगभग 12 किलोमीटर लंबा वन्यजीव एलिवेटेड कॉरिडोर शामिल है, जो एशिया के सबसे लंबे कॉरिडोर में से एक है।

अपने एक दिवसीय उत्तराखंड दौरे के दौरान प्रधानमंत्री देहरादून में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

प्रेस सूचना ब्यूरो के अनुसार निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री सुबह करीब 11 बजकर 40 मिनट पर देहरादून पहुंचेंगे। जहां वे डाट काली मंदिर में दर्शन व पूजा–अर्चना करेंगे।

नारी शक्ति

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी 16 अप्रैल से संसद में प्रस्तावित नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विशेष सत्र से पहले अहम पहल की है। उन्होंने राज्य के सभी सांसदों और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रदेश अध्यक्षों से महिला आरक्षण के मुद्दे पर व्यापक सहमति बनाने और संसद में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित विशेष सत्र देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के साथ–साथ आधी आबादी को निर्णय–निर्माण की प्रक्रिया में अधिक प्रभावी रूप से शामिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि समावेशी समाज का निर्माण तभी संभव है जब महिलाओं को समान अवसर और नेतृत्व की भूमिका मिले। उन्होंने कहा कि वर्ष 2029 के लोकसभा चुनाव और आगामी विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण लागू होने के बाद कराए जाएं, जिससे लोकतांत्रिक संस्थाओं में नई ऊर्जा आएगी।

वित्तीय मंजूरी

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में विभिन्न विकास योजनाओं के लिए एक सौ अठारह करोड़ की योजनाओं को मंजूरी दी है। योजनाओं में विधानसभा क्षेत्रों में सड़कों, पुलों के साथ ही विभिन्न जिलों में कार्यालय, आवासीय भवन, सीवर लाइनों के सुदृढ़ीकरण को शामिल किया गया है। इसके अलावा कुंभ मेले से संबंधित अवस्थापना सुविधाओं भी प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति दी है।

चारधाम यात्रा

प्रदेश में आगामी 19 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा शुरू हो जाएगी। स्वास्थ्य विभाग चारधाम यात्रा 2026 के लिए स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को मॉडल के रूप में तैयार कर रहा है। स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने बताया कि देहरादून, हरिद्वार, रुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशी में 57 स्क्रीनिंग कियोस्क स्थापित किए गए हैं, जहां हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग और शुगर जैसी बीमारियों की जांच कर यात्रियों को समय रहते सलाह दी जा रही है। यात्रा के सबसे कठिन पड़ावों केदारनाथ और बद्रीनाथ में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। केदारनाथ में 17 बेड का अस्पताल संचालित हो रहा है, जबकि बद्रीनाथ में 50 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल जून तक शुरू होने जा रहा है, जिससे गंभीर मरीजों को तत्काल इलाज मिल सकेगा।

उन्होंने बताया कि यात्रा मार्ग पर 25 विशेषज्ञ डॉक्टर, 178 मेडिकल अधिकारी और 414 पैरामेडिकल स्टाफ तैनात किए गए हैं। जरूरत के अनुसार अतिरिक्त स्टॉफ भी रोस्टर के आधार पर जोड़ा जाएगा। इसके अलावा दून और श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में मेडिकल स्टॉफ को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही होटल, धर्मशाला संचालकों और खच्चर चालकों को भी आपात स्थितियों और हाई रिस्क संकेतों के प्रति जागरूक किया गया है, ताकि समय रहते मदद मिल सके।

समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लंबित सीएम घोषणाओं पर 20 दिनों के भीतर शासनादेश जारी करने के निर्देश दिए हैं। कल मुख्यमंत्री सचिवालय में कुमाऊं मंडल के डीडीहाट, गंगोलीहाट, कपकोट और बागेश्वर विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित घोषणाओं की समीक्षा करते हुए यह निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का मूल मंत्र 'सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि' केवल नारा नहीं, बल्कि कार्यशैली का आधार है। उन्होंने अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों में त्वरित निर्णय लेने के साथ ही समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने वन भूमि स्थानांतरण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, खेल अवसंरचना समेत अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने प्रदेश के सभी जिलों में जिला योजना समितियों की बैठकें अप्रैल माह तक अनिवार्य रूप से आयोजित करने को कहा है। राज्य सचिवालय में सचिव समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि जिला योजना समितियों की बैठक के लिए प्रभारी मंत्रियों से बैठक की तिथियां शीघ्र निर्धारित किए जाने की जाए। उन्होंने जिलाधिकारियों को जनपद स्तरीय वनाग्नि समितियों और ग्रीष्मकालीन पेयजल समितियों की बैठकें भी शीघ्र आयोजित कर योजना शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्य सचिव ने कुंभ – 2027 के दौरान कुंभ क्षेत्र में यातायात, पार्किंग और रूट प्लान सहित जंक्शन इम्प्रूवमेंट पर भी चर्चा की।

बैसाखी पर्व की बधाई

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को 'बैसाखी' पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बैसाखी हर्ष और उल्लास के साथ उत्साह व भाईचारे का पर्व है। उन्होंने कहा कि नई फसल के कटने से जुड़ा यह पर्व हमारी समृद्ध सांस्कृतिक, परम्परा, लोक आस्था और समृद्धि का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने इस पावन अवसर पर प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, शान्ति व समृद्धि की भी कामना की है।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––**

दून अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सभी समाचार समाचार पत्रों ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– दून अस्पताल की सेहत सुधारेंगी छह नई सुविधाएं।

कृषि क्षेत्र में सुधार की सरकार ने पहल तेज कर दी है। अमर उजाला ने अंश निर्धारण खतौनी तैयार करने का काम 30 अप्रैल तक पूरा करें, शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया है।

महिला आरक्षण पर व्यापक सहमति से संबंधित खबर भी सभी समाचार पत्रों ने प्रकाशित की है। दैनिक जागरण लिखता है – महिला आरक्षण के मुद्दे पर व्यापक सहमति बनाने में भागीदारी करें राजनीतिक दल।

मुख्यमंत्री धामी ने राज्य के सांसदों और दलों के प्रदेश अध्यक्षों को भेजा पत्र।